श्री श्याम कली अवतारी भजन लिरिक्स

हर्ष मनाओ मंगल गाओ,
करलो स्वागत की तैयारी,
प्रगटे भीमसेन के लाडेसर,
श्री श्याम कली अवतारी,
दर्शन को अखियाँ तरस रही,
फूलों की वर्षा बरस रही,
कर माणक मोती दान,
थाली में भर भर भर महतारी,
हर्ष मनाओ मंगल गाओ,
करलो स्वागत की तैयारी।bd।

बड़ा ही अद्भुत गज़ब निराला,
अहिलवती का लाला है,
सुन्दर भ्रकुटु नयन विशाला,
मन गोरा तन काला है,
घुंघराली लट नागन सी,
लटके कानो पीछे काली,
गोविंदा आला रे,
गोविंदा आला रे,
हर्ष मनाओ मंगल गाओ,
करलो स्वागत की तैयारी।bd।

युद्ध देखने महाभारत का,
माता से आशीष लिया,
श्री कृष्ण से वचन बद्ध हो,
महाभारत में शीश दिया,
वर पाया कृष्ण से अजर अमर का,
जय जय जय दातारी,
हर्ष मनाओ मंगल गाओ,
करलो स्वागत की तैयारी।bd।

खाटू धाम बिराजे कलयुग के,
राजा कहलाते हो,
दर पे आये दीन दुखी के,
बिगड़े काम बनाते हो,
तेरी शरण में आया 'गोलू',
बाबा रखना लाज हमारी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हर्ष मनाओ मंगल गाओ,
करलो स्वागत की तैयारी।bd।

हर्ष मनाओ मंगल गाओ,
करलो स्वागत की तैयारी,
प्रगटे भीमसेन के लाडेसर,
श्री श्याम कली अवतारी,
दर्शन को अखियाँ तरस रही,
फूलों की वर्षा बरस रही,
कर माणक मोती दान,
थाली में भर भर भर महतारी,
हर्ष मनाओ मंगल गाओ,
करलो स्वागत की तैयारी।bd।

Singer – Puja Nathani

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com